Title: Demand to grant clearance to the power projects of Bihar, pending with the Central Government.

श्री रघुनाथ झा (गोपालगंज) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार क ध्यान बिहार राज्य की ओर खींचना चाहता हूं। जनसंख्या की दृटि से बिहार देश का सबसे बड़ा राज्य है। राज्य सरकार की ओर से ऊर्जा परिक्षेत्र की निम्नलिखित परियोजनाएं जैसे - मुजफ्फरपुर थर्मल पावर स्टेशन विस्तार परियोजना संबंधित सदृश अन्य परियोजनाएं, मुजफ्फरपुर थर्मल पावर स्टेशन संबंधित सदृश अन्य परियोजनाएं, तेनुघाट थर्मल पावर स्टेशन विस्तार परियोजना स्टेज-दो, शंख जल विद्युत परियोजना स्टेज-दो परियोजनाओं के प्रस्ताव बिहार के मुख्य सचिव के पत्र दिनांक 30.8.1999 के माध्यम से भारत सरकार के पास वित्तीय सम्पोाण हेतु भेजे गये। परंतु इतने दिन गुजर जाने के बाद अभी तक भारत सरकार की ओर से उन्हें स्वीकृति नहीं दी गई है। जिसके कारण विद्युत उत्पादन के अभाव में राज्य को क्षति उठानी पड़ रही है। इसलिए मैं मांग करता हूं कि भारत सरकार अविलम्ब इन परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान करे। धन्यवाद।